Press Release

TATA POWER-DDL

**मंगलवार, 07 जून, 2023** **तत्काल प्रकाशनार्थ**

**नई दिल्ली**

# टाटा पावर-डीडीएल ने 21वीं ग्रीनटैक सेफ्टी अवार्ड एंड समिट 2023 में जीता सेफ्टी एक्सीलैंस अवार्ड

नॉर्थ दिल्ली में 7 मिलियन की आबादी को बिजली आपूर्ति करने वाली अग्रणी यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल को ऑक्यूपेशनल हैल्थ एवं सेफ्टी के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य प्रणालियों को लागू करने के लिए 'सेफ्टी एक्सीलैंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राजधानी के होटल ली'मेरिडियन में ग्रीनटैक फाउंडेशन द्वारा 29-30 मई, 2023 को आयोजित 21वीं ग्रीनटैक सेफ्टी अवार्ड एंड समिट 2023 के मौके पर दिया गया।

टाटा पावर-डीडीएल न सिर्फ सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों का पालन करती है बल्कि अपने कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल एवं पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध है। कंपनी ने अपने व्यावसायिक सिद्धांतों तथा मूल्यों के तहत् सुरक्षा संबंधी कई नवोन्मेषी सॉल्यूशंस जैसे कि अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पीपीई और टूल्स, डी-सैंट्रलाइज़्ड प्रैक्टिस याईस तैयार करने, सुरक्षित कामकाज के लिए वर्चुअल रिएलिटी ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तथा इंजीनियरों एवं बिज़नेस एसोसिएट्स कर्मियों के लिए ऑनलाइन सेफ्टी ट्रेनिंग मॉड्यूल्स भी तैयार किए हैं। टाटा पावर-डीडीएल द्वारा हाल ही में एक समर्पित यूट्यूब चैनल भी लॉन्च किया गया है जो सभी के लिए कामकाज की सुरक्षित संस्कृति को बढ़ावा देने वाले वीडियो उपलब्ध कराता है।

टाटा पावर-डीडीएल को एक विस्तृत स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद इस पुरस्कार के लिए चुना गया। राजधानी दिल्ली के होटल ली'मेरिडियन में आयोजित एक भव्य समारोह में, श्री दीपक मिश्रा, पूर्व मुख्य न्यायाधीश, भारत सरकार, श्री सुरेश प्रभु, पूर्व रेल मंत्री, भारत सरकार तथा श्री आर सत्यसुंदरम, आईपीएस, अतिरिक्त आयुक्त, दिल्ली यातायात पुलिस ने श्री अशोक कुमार शर्मा, एजीएम, कॉर्प सेफ्टी, टाटा पावर-डीडीएल को यह पुरस्कार प्रदान किया।

इस बारे में, **श्री सुब्रत दास, चीफ - ऑपरेशंस, सेफ्टी, बिज़नेस एक्सीलैंस (बीई) एवं टीक्यूएम, टाटा पावर-डीडीएल** ने कहा, *"टाटा पावर-डीडीएल में सभी की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होती है, यह हमारे कर कार्य के मूल में है। हमने कई उत्कृष्ट सेफ्टी प्रोटोकॉल्स लागू किए हैं, कड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया और साथ ही, पावर वितरण उद्योग में सुरक्षा के सर्वोच्च मानक सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी को अपनाया है। यह पुरस्कार हमारी पूरी टीम के समर्पण और उनकी निष्ठा तथा कड़े परिश्रम का सम्मान है जो हमेशा से सुरक्षा के मानदंडों का पालन करती रही है। सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देकर हमने न सिर्फ अपने कर्मियों की खुशहाली बनाकर रखी बल्कि साथ ही, अपने सभी परिचालनों को सस्टेनेबल बनाने में भी योगदान कर सके हैं। हम आगे भी सुरक्षा के मोर्चे पर लगातार इनोवेशन करते हुए मानकों का स्तर और ऊंचा उठाते रहेंगे। साथ ही, हम अपने उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद और सस्टेनेबल पावर सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के लिए भी वचनबद्ध हैं।"*

ग्रीनटैक फाउंडेशन पारंपरिक मूल्यों और नवोन्मेष के बीच परस्पर तालमेल पर आधारित है। उनका मानना है कि संगठन के मूल आधारभूत स्तंभों और मूल्यों का पालन करते हुए, सभी के लाभ के लिए टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना चाहिए।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) प्रमुख डिस्कॉम है जो इंफॉरमेशन एवं ऑपरेशनल टैक्नोलॉजी सेवाओं की मदद से, नॉर्थ दिल्ली में करीब 70 लाख की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। कंपनी ने देश की राजधानी में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। यह देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी टाटा पावर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की सार्वजनिक-निजी साझेदारी वाली संयुक्त उपक्रम कंपनी है। निजीकरण के बाद से, टाटा पावर-डीडीएल के इलाकों में एकीकृत टेक्निकल एंड कॉमर्शियल (एटीएंडसी) नुकसान में रिकॉर्ड कमी आई है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 6.8% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान के मुकाबले अप्रत्याशित कमी आई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com

For further information please contact:

**Corporate Communications:**
Sonia Sarin (9910292599)

**Madison PR:**
Varun Bhardwaj (9599994592)

You Tube
Blog
www